गेल (इंडिया) लिमिटेड

एनर्जाइजिंग पॉसिबिलिटीज़



# एनर्जाइजिंग ग्रोथ

## सतत विकास की झलक

2020-21

“हमें ‘शून्य–दोष और शून्य प्रभाव’ की ओर आगे बढ़ना है। उत्पादन में शून्य–दोष से पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।

## एनर्जाइजिंग ग्रोथ

हम एक व्यवसाय के रूप में तब फलते–फूलते हैं जब चारों ओर हवा ताजी होती है, वनस्पति प्रचुर मात्रा में होती है, स्थानीय समुदाय सशक्त होता है, पक्षी आकाश में ऊँची उड़ान भरते हैं, विकास की खनखनाहट के साथ ही झींगुर और पक्षियों के चहचहाने की आवाज़ें आती हैं और पानी साफ–सुथरा तथा नीला होता है।

जैव–विविधता सतत विकास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व है। यह मानव जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने के साथ–साथ व्यवसाय सहित सभी मानवीय गतिविधियों की सतत विकास का एक अनिवार्य हिस्सा भी है।

सतत विकास, वास्तव में, ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र, प्रजातियों और आनुवंशिक घटकों को संरक्षित करते हुए वर्तमान पीढ़ियों की जरूरतें पूरी करने का नाम है, जो जैव–विविधता के निर्माण के साथ–साथ आने वाली पीढ़ियों की जरूरतें पूरी करने के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कारक भी हो।

गेल में, हम यह मानते हैं कि जैव–विविधता को बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है; परंतु निश्चित रूप से एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई के रूप में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

इस रिपोर्ट का विषय **“एनर्जाइजिंग ग्रोथ”** है क्योंकि हम सतत विकास के उत्प्रेरक हैं और ये मानते हैं कि विकास के सोपान तभी तय हो पाते हैं जब विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र एक–दूसरे के साथ तालमेल बिठाते हैं।

इस रिपोर्ट में पाता, गांधार, विजयपुर और हजीरा में स्थित हमारे संयंत्रों पर शूट की गई ऐसी विभिन्न वनस्पतियों, जीवों और एवियन प्रजातियों की छवियाँ पेश की गई हैं जो गेल की अपने समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सह–अस्तित्व और विकास होने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं।

जीवेशु करुणा चापि मैत्री तेशु विधीयताम्।
सभी जीवों के प्रति दयालु एवं स्नेही रहें।

**बुद्धचरितम 23.53**



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

जलवायु परिवर्तन के खतरे पहले से कहीं अधिक स्पष्ट हैं। अब स्वच्छ पर्यावरण हेतु अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करना अनिवार्य है।

प्रिय स्टेकधारकगण,

कोविड–19 महामारी के आगमन के कारण, वैश्विक आपूर्ति–श्रृंखलाओं के साथ–साथ मज़दूरी एवं उत्पादकता के संदर्भ में दुनिया–भर में बनी हुई स्थिति से अर्थव्यवस्था प्रभावित रही है। इस वर्ष कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के बीच संबंधों के प्रबंधन में संगठनों के लचीलेपन की आज़माइश भी हुई है। इस महामारी के दौरान वही संगठन टिक पाये हैं जिनकी आधार–शिला मज़बूत मूल्यों, विश्वास और राष्ट्र सेवा के साझा दृष्टिकोण पर आधारित रही है। इस संबंध में मैं उन सभी कोविड–19 योद्धाओं का अभिवादन करना चाहूँगा जिनका बलिदान मानवता की सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति अमूल्य है। हम उनके प्रति आजीवन कृतज्ञता अर्पित करते हैं। मैं गेल के ऐसे सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की भी सराहना करना चाहूँगा जिन्होंने चुनौतियों के बावजूद अपने पेट्रोकेमिकल संयंत्रों, एलपीजी संयंत्रों, पाइपलाइनों और अन्य संयंत्रों के निर्बाध प्रचालन को बनाए रखा, ताकि ग्राहकों को पॉलिमर (पीपीई किट निर्माण के लिए) पीएनजी, सीएनजी, एलपीजी और अन्य हाइड्रोकार्बन जैसे आवश्यक उत्पादों की डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

मैं गेल की 11वीं सतत विकास रिपोर्ट 'एनर्जाइजिंग ग्रोथ' प्रस्तुत करना चाहूँगा। यह रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक एवं नियंत्रण (ईएसजी) से संबंधित निष्पादन में सुधार के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाती है। हमारी यह रिपोर्ट "व्यापक" रिपोर्टिंग से संबंधित वैश्विक रिपोर्टिंग मानकों के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, यह रिपोर्ट आधुनिकतम आईपीआईईसीए 2020 के अनुरूप होने के साथ–साथ सतत लेखा मानक बोर्ड (एसएएसबी) की आवश्यकताएँ भी पुरी करती है। साथ ही कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जिम्मेदारी–युक्त व्यावसायिक आचरण पर आधारित जारी राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों का भी अनुपालन करती है। इस वर्ष हमने अपनी पहली एकीकृत रिपोर्ट भी प्रकाशित की है, जिसके लिए मैं सभी गेल कार्मिकों को बधाई देना चाहता हूँ।

जलवायु परिवर्तन के खतरे स्प ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और इसीलिए स्वच्छ पर्यावरण हेतु अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करना ज़रूरी हो गया है। गेल में हम जैविक तथा अजैविक मार्गों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सशक्त प्रयास करके अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए हर चुनौतीपूर्ण कदम उठाने के प्रति वचनबद्ध हैं। हम समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए बहुआयामी दृ टकोण की आवश्यकता है। इस प्रकार हमारा ध्यान केवल अक्षय ऊर्जा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपीडित बायोगैस (सीबीजी) को बढ़ावा देने पर भी है। फलस्वरूप, भारत सरकार की सतत पहल सफल होगी। सीबीजी का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन को बदलने के साथ–साथ अपशि ट एवं संबंधित उत्सर्जन को कम करने के साथ ही ''स्वच्छ भारत मिशन'' में योगदान देना भी है। आयात बिल के माध्यम से राजको ा पर पड़ने वाले भार के साथ–साथ कार्बन फुटप्रिंट और उत्सर्जन को कम करने के लिए गेल इथेनॉल और हाइड्रोजन पर भी काम कर रही है। गेल, निरंतर सुधार को महत्व देती है, जो प्रचालन के क्षेत्र में सर्वश्रे ठ प्रचालन क्षमता के माध्यम से परिलक्षित है।

हमारे व्यवसाय का पर्यावरण तथा सामाजिक मानदंडों पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही, ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में हमारी कंपनी की भूमिका अद्वितीय है। प्राकृतिक गैस देश की जीवन–रेखा होने के साथ–साथ उर्वरक और सीजीडी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख कच्चा माल भी है। औद्योगिक क्षेत्र के विशाल उद्यमों के अलावा, लघु एवं मध्यम पैमाने के क्षेत्र भी अपने पर्यावरण और ग्रीनहाउस गैस प्रभाव को कम करने के लिए प्राकृतिक गैस की ओर अग्रसर हैं। हम भारत सरकार के दृ टकोण – 'एक रा ट्र, एक गैस ग्रिड' के प्रति वचनबद्ध हैं। प्राकृतिक गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए गेल, वर्तमान में ज्वाइंट वेन्चर मोड में 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' और 'नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड' का निर्माण कर रही है।

गेल में हम प्रचालन सुरक्षा, नि पादन और विकास सुनिश्चित करने के लिए विश्वस्तरीय मानकों को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हम अपने कर्मचारियों के साथ–साथ समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपाय करते हैं। हम गेल हृदय कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण आदि के अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व से संबद्ध फोकस क्षेत्रों में सामाजिक पूँजी का सृजन करके हजारों वंचित लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करते हैं।

देश–भर के दूर–दराज़ क्षेत्रों में चिकित्सा परामर्श प्रदान करने के अलावा, गेल के आरोग्य पहल के अंतर्गत अत्यावश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं ऑक्सीमीटर वितरित करके गेल ने समुदाय की सेवा करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम कोल्ड चेन रेफ्रिजरेटर ट्रकों के माध्यम से टीकाकरण अभियान में भी सहयोग दे रहे हैं।

महामारी के दौरान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों सहित सभी कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए गेल टीम ने कर्मचारियों से दो मधुर बोल बोलने के साथ–साथ स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में गेल के स्पर्श का एहसास कराने के लिए 'भौतिक दूरी को पाटने' के उद्देश्यों पर आधारित 'स्पर्श' पहल के तहत सभी कर्मचारियों और वरि ठ पदाधिकारियों के साथ बातचीत की और उनके साथ निरंतर संपर्क में रहे। एक विशे ा उपाय के अंतर्गत गेल ने मृतक कर्मचारियों के आश्रित परिवार के सदस्यों की शिक्षा, आवास और चिकित्सा आवश्यकताओं पर ध्यान रखने का निर्णय लिया है।

एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम भारत सरकार की कोविड–संबंधी पहलों को जनता तक ले जाने में अपना सर्वश्रे ठ योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में गेल ने 4 राज्यों यानी – उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान के 12 सरकारी अस्पतालों में पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित एवं चालू किए हैं। तेल एवं गैस आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की ओर से गेल ने 25,000 ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति का आदेश दिया है। इसके अलावा, तेल एवं गैस आधारित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ–साथ गेल भी 10,000 ऑक्सीजन कॉनसेंट्रेटर्स की खरीद में योगदान दे रही है। हालाँकि, हमें आत्मसंतु ट नहीं होना चाहिए और महामारी की अगली लहर को मात देने के लिए आवश्यक सावधानी बरतते रहना चाहिए।

कोविड–19 महामारी ने हमें स्थानीय विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं के महत्व को अच्छी तरह से समझाया है। प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' विज़न के साथ संरेखित करते हुए, हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला में स्थानीय विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इससे न केवल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी बल्कि हमारे प्रचालन के माध्यम से दूरगामी सकारात्मक सामाजिक प्रभाव भी पड़ेंगे।

गेल ने इस व र्ा अपनी सतत विकास यात्रा में एक और उपलब्धि हासिल की है। गेल वाघोडिया और गेल विजयपुर को सीआईआई द्वारा ग्रीनको 'सिल्वर' रेटिंग से सम्मानित किया गया है। इससे हमारे काम–काज में निहित सतत् विकास की गहराई प्रतिबिंबित होती है।

मुझे यह घो णा करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि गेल को अंतररा ट्रीय मानकों पर आधारित सुदृढ़ पर्यावरणीय, सामाजिक एवं नियंत्रण प्रथाओं का प्रदर्शन करने के लिए लगातार 5वें साल भी लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स के हिस्से के रूप में एफटीएसई 4 गुड इंडेक्स सीरीज (एफटीएसई ईएसजी रेटिंग) में ाामिल किया गया है। गेल को फोर्ब्स की "विश्व के सर्वश्रे ठ नियोक्ता 2020" की सूची में ाामिल किया गया है। इसी के साथ गेल अपने लोगों तथा समाज के लिए बेहतर कार्य करने के प्रति वचनबद्ध है।

मनोज जैन

**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी)

## गेल की उपस्थिति





भारत के लिए गैस आधारित अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण है, अतः एक राष्ट्र, एक गैस ग्रिड की दिशा में काम किया जा रहा है। एक राष्ट्र एक गैस ग्रिड से तात्पर्य, विभिन्न क्षेत्रीय ग्रिड्स का एकीकरण है। इस प्रकार केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों जैसे विभिन्न स्टेकधारकों को प्राकृतिक गैस द्वारा उत्पादित ऊर्जा प्रदान करने के संदर्भ में एक राष्ट्रीय ग्रिड की स्थापना होगी।


गेल राष्ट्रीय गैस ग्रिड विकसित करने के लिए अपने दो संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से पूरे भारत में लगभग 6,000 किमी गैस पाइपलाइन और अन्य 2,000 किमी पाइपलाइन बिछाने की परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। कोविड–19 महामारी और संबंधित व्यवधानों के बावजूद, वित्त वर्ष 2020–21 में 1000 किमी की पाइपलाइन चालू कर दी गई है।

# वित्तीय निष्पादन

## कारोबार (सकल)*





## सकल मार्जिन (एबिटा)*




## कर पूर्व लाभ (पीबीटी)*




## कर पश्चात लाभ (पीएटी)*





पिछले वर्षों की तुलना में गेल के वित्तीय कार्य निष्पादन में गिरावट देखी गई:

- वित्त वर्ष 2020–21 में प्राकृतिक गैस विपणन और ट्रांसमिशन वॉल्यूम में गिरावट के कारण सकल कारोबार में 21% की गिरावट आई है
- कम गैस मार्केटिंग स्प्रेड के कारण पीएटी ने 26% की कमी दिखाई है जबकि पीबीटी ने 20% की कमी दर्ज की है

*स्टैंडअलोन गेल का वित्तीय प्रदर्शन


# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन

## आर्थिक मूल्य उत्पन्न बनाम वितरित*




*आर्थिक मूल्य उत्पन्न, और वितरित गणना पद्धति अन्य रिपोर्ट किए गए डेटा से अलग है


## खरीद हाइलाइट्स




## अनुसंधान एवं विकास व्यय





## संचालन लागत



# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन


## स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण स्कोर





## आरटीआई आवेदन




## ग्राहक संतुष्टि सूचकांक





## सीपीजीआरएएमएस शिकायतें




# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन

## कर्मचारी वेतन और लाभ





## प्रति कर्मचारी पर वर्धित मूल्य





*कर्मचारी मजदूरी और लाभ सहित सीडब्ल्यूआईपी को अंतरित+ पीएफ और अन्य फंड में योगदान (पूर्व अवधि) और कल्याण+ प्रतिनियुक्ति से अन्य आय

## कुल कर्मचारी कारोबार दर





## सरकारी ई–मार्केटप्लेस (GeM) से खरीद




# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन

## ऊर्जा की खपत





## ऊर्जा की बचत





साइट/कार्यालयों पर कार्यान्वित ऊर्जा बचत पहलों के आधार पर बचत की सूचना दी जाती है।

## जीएचजी उत्सर्जन





## जीएचजी बचत





साइट/कार्यालयों पर कार्यान्वित ऊर्जा बचत पहलों के आधार पर बचत की सूचना दी जाती है।

# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन


## जल की खपत





## जल की रिसाइक्लिंग




## वृक्षारोपण





## वृक्षारोपण की बढ़ती संख्या (साइट+टाउनशिप)





हम अपने सस्टेनेबिलिटी पोर्टल में विभिन्न साइटों/कार्यालयों से वृक्षारोपण डेटा संग्रह की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर रहे हैं।

# आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय निष्पादन



# गेल में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा



## संरक्षा एवं निष्पादन

गेल के प्रतिष्ठानों में प्रचालन एवं अनुरक्षण के दौरान स्वास्थ्य, संरक्षा के साथ–साथ पर्यावरण प्रबंधन निष्पादन को ''एचएसई स्कोर'' के माध्यम से मापा जाता है। एचएसई प्रबंधन प्रणाली के प्रमुख तत्वों पर विचार करते हुए हर महीने इसका मूल्यांकन किया जाता है। गेल ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान 94.50 के आंतरिक लक्ष्य के मुकाबले, वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान 96.98 औसत का ''एचएसई स्कोर'' हासिल किया है।

## कॉर्पोरेट एचएसई नीति

गेल अपने संयंत्रों, सीजीडी और कार्मिकों सहित पाइपलाइनों के व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति वचनबद्धता को ध्यान में रखते हुए सतत विकास के माध्यम से मूल्य उत्पन्न करने का प्रयास करती है, और ये धारणाएँ हमारे मूल संगठनात्मक मूल्यों के भीतर अंतर्निहित हैं।



## संरक्षा और प्रशिक्षण जागरूकता

गेल के प्रत्येक प्रचालन एवं अनुरक्षण कार्य–स्थल पर प्रत्येक माह की 10 तारीख को ''संरक्षा दिवस'' मनाया जाता है। गेल में कार्यान्वित एचएसई प्रबंधन प्रणाली के बारे में, गेल कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, एचएसई प्रबंधन प्रणाली पर आधारित एक लघु फिल्म तैयार की गई है।



## व्यावसायिक स्वास्थ्य

कोविड–19 महामारी के वर्तमान परिदृश्य में, गेल के विभिन्न कार्य–स्थलों पर कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए उचित प्रोटोकॉल के साथ–साथ जागरूकता सत्र और कई प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गेल ने परिभाषित दिशा–निर्देशों के आधार पर अपने कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य की निगरानी और नियंत्रण हेतु व्यावसायिक स्वच्छता उपायों और चिकित्सा निगरानी से संबंधित सुधारों को लागू किया है।




## संरक्षा ऑडिट

पीएनजीआरबी से मान्यता प्राप्त तृतीय–पक्ष निरीक्षण एजेंसियों, अन्य बाहरी एजेंसियों और हमारी अनुभवी इन–हाउस टीम द्वारा लागू राष्ट्रीय कोड एवं मानकों के अनुसार, ऑडिट आयोजित की जाती है।

पीएनजीआरबी और अन्य विनियमों, ओआईएसडी मानकों, प्रबंधन शासन के संबंध में सुधार क्षेत्रों की पहचान करने के लिए, एक आंतरिक टीम द्वारा एक आंतरिक संरक्षा ऑडिट आयोजित की जा रही है।

# विज़न



प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला और इतर क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति, हितधारकों के लिए मूल्य सृजन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ अग्रणी बनना।

# मिशन



स्वच्छ ऊर्जा और इतर के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना।




**55%** भारत के कुल सीएनजी स्टेशनों के 55% से अधिक का संचालन करती है

**65%** भारत में 65% पीएनजी कनेक्शन संचालित करती है

**2nd** भारतीय पॉलीथीन पोर्टफोलियो बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

# गेल की आपूर्ति–श्रृंखला
## भारत के प्राकृतिक गैस का अग्रणी




**62** मेट्रो शहरों सहित पूरे भारत में 62 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने के लिए अधिकृत

**55%** भारत की गैस आधारित बिजली के लगभग 55% के लिए गैस की आपूर्ति करती है

**73%** भारत के कुल उत्पादित उर्वरकों के लगभग 73% के लिए गैस की आपूर्ति करती है


# हमारी सतत विकास रिपोर्ट (एसआर)

2011



SR FY 2010-2011
Value Beyond Business

2012




SR FY 2011-2012
Shaping the Future

2013



SR FY 2012-2013
Energising Tomorrow Responsibly

2014




SR FY 2013-2014
Care Share Grow

2015




SR FY 2014-2015
Fostering Responsible Growth

2016



SR FY 2015-2016
Nurturing Resilient Eco-system

2017




SR FY 2016-2017
Rejuvenate | Resonate | Redefine

2018




SR FY 2017-2018
Execution | Efficiency | Excellence

2019




SR FY 2018-2019
Execution | Efficiency | Excellence

2020



SR FY 2019-2020
Energizing Possibilities

2021



SR FY 2020-2021
Energizing Growth

CURRENT REPORT

# हमारी सामाजिक पहुँच

इस रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, गेल ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धताएँ पूरी करने के लिए कई परियोजनाएँ शुरू की हैं। गेल ने वित्त वर्ष 2020–21 में 147.67 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह राशि 2% यानि – 141.91 करोड़ रुपये के अनिवार्य खर्च से अधिक है।

## हमारे निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के 7 प्रमुख फोकस क्षेत्र – हृदय




अन्य (आपदा प्रबंधन गतिविधियाँ, खेल को बढ़ावा देना, आदि): **60.60 करोड़ रुपये**

# सतत विकास दृष्टिकोण 2020–21

## आर्थिक

- **₹ 4,890 करोड़** – (कर पश्चात लाभ)
- **₹ 56,738 करोड़** – राजस्व (सकल बिक्री)
- **13,718** किमी से अधिक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क
- कुल पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता **1090 केटीए**




## सामाजिक

- निगमित सामाजिक दायित्व आधारित परियोजनाएँ– 147.67 करोड़ रूपये का व्यय
- गेल ने वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान 94.5 के आंतरिक लक्ष्य के मुकाबले 96.98 का "एचएसई स्कोर" हासिल किया
- वित्त वर्ष 2021 में ग्राहक संतुष्टि सूचकांक उल्लेखनीय रूप से 96 पर रहा
- गेल ने सीबीजी पर केंद्रित स्टार्ट–अप के साथ 15.30 करोड़ रुपये के 5 निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं
- नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) से 'शून्य' टिप्पणियाँ प्राप्त हुईं
- देश में 78.2 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन
- गेल ने कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में मदद करने के लिए, पीएम फंड में 50 करोड़ रुपये और चिकित्सा उपकरण, ऑक्सीजन आदि प्राप्त करने पर 30 करोड़ रुपये का योगदान दिया है।



## पर्यावरण

- 130 मेगावाट – अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो (118 मेगावाट– पवन और 12.26 मेगावाट – सौर)
- 40% – हरित पट्टी और जल निकायों द्वारा कवर की गई भूमि
- ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर 64.9 करोड़ रुपये खर्च किए गए
- 64 सतत विकास प्रोजेक्ट पंजीकृत
- नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन– 151354 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया गया है
- गेल ने अपनी पहली एफजीआरयू परियोजना शुरू की है जो 11100 टीसीओ2 के उत्सर्जन को कम करती है
- 150 टन/दिन की कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र क्षमता स्थापित करने के लिए आरएमसी को सहयोग दिया
- गैस टर्बाइनों से निकलने वाली ऊष्मा का उपयोग करने के लिए एचआरएसजी की स्थापना से 1171किग्रा/घंटा ईंधन की बचत होने की उम्मीद है






→ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा डोभी, दुर्गापुर पाइपलाइन के लोकार्पण के अवसर पर श्री धर्मेंद्र प्रधान, तत्कालीन माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री को कर्टेन–रेज़र प्रेस वार्ता।




→ पूर्ण डीओडीओ मॉडल पर बेंगलुरु में सीएनजी स्टेशनों के लिए गेल गैस लिमिटेड और कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

# कॉर्पोरेट नियंत्रण में उत्कृष्टता




→ गेल को गैस में 'गोल्डन पीकॉक अवार्ड फॉर एक्सेलेंस इन कॉर्पोरेट गवर्नेंस – राष्ट्रीय श्रेणी' से सम्मानित किया गया।

UN GLOBAL COMPACT
Network India

गेल को **संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (यूएनजीसीएनआई) सस्टेनेबल एंड इन्नोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज़** – केस स्टडी हेतु **विजेता** (पीएसयू श्रेणी) के रूप में घोषित किया गया है।

गेल टीम ने ''एचआर गेटवे के माध्यम से फ्लो सुनिश्चित करना – एक व्यावसायिक भागीदार के रूप में मानव संसाधन'' विषय पर अपनी प्रस्तुति दिया था।

# सीआईआई ग्रीनको रेटिंग कार्यान्वयन



CII
Confederation of Indian Industry

CII - Sohrabji Godrej Green Business Centre

*hereby certifies that*

**GAIL Vijaipur**

*has successfully achieved the standards as required for the following level of certification under the GreenCo - Green Company Rating System which is valid for a period of 3 years*

**GreenCo Silver**

Issue Date: 3rd June 2021 Expiry Date: 2nd June 2024

Jamshyd N Godrej, Chairman, CII-Godrej GBC
Pradeep Bhargava, Chairman, GreenCo Rating System
L S Ganapati, Chairman, GreenCo Assessor Panel
K S Venkatagiri, Executive Director, CII-Godrej GBC



CII
Confederation of Indian Industry

CII - Sohrabji Godrej Green Business Centre

*hereby certifies that*

**GAIL India Limited, Vaghodia**

*has successfully achieved the standards as required for the following level of certification under the GreenCo - Green Company Rating System which is valid for a period of 3 years*

**GreenCo Silver**

Issue Date: 29-01-2021 Expiry Date: 28-01-2024

Jamshyd N Godrej, Chairman, CII-Godrej GBC
Pradeep Bhargava, Chairman, GreenCo Rating System
L S Ganapati, Chairman, GreenCo Assessor Panel
K S Venkatagiri, Executive Director, CII-Godrej GBC

→ ग्रीनको रेटिंग ''दुनिया में अपनी तरह का पहला'' ऐसा समग्र ढाँचा है जिसके अन्तर्गत जीवन चक्र दृष्टिकोण का उपयोग करके कंपनी की गतिविधियों की पर्यावरण अनुकूलता पर आधारित मूल्यांकन किया जाता है। वित्त वर्ष 2019–20 और वित्त वर्ष 2020–21 में क्रमशः वाघोडिया और जयपुर ने अपने सर्वोत्कृष्ट निष्पादन के लिए रजत रेटिंग प्राप्त की है। इसके अलावा, विभिन्न प्रचालन स्थलों पर ग्रीनको रेटिंग का कार्यान्वयन प्रगति पर है।

# कोविड–19 महामारी के संदर्भ में गेल के प्रयास




इस वैश्विक कोविड–19 स्वास्थ्य आपातकाल का हमारे जीवन, व्यवसाय और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। गेल का समर्पित कार्य–समूह और प्रबंधन, जिम्मेदारी से व्यवसाय की निरंतरता के साथ–साथ अपने लोगों और समाज की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

गेल ने कई सरकारी निकायों के साथ टीकाकरण अभियान चलाने, पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने और देश–भर में चिकित्सा उपकरणों के कई खेप उपलब्ध कराने के संबंध में भागीदारी की है।

गेल के प्रयास उसके लोगों और राष्ट्र के प्रति उसके कर्तव्य को दर्शाते हैं। गेल ने अपने कर्मचारियों को प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत सावधानी बरती है। कार्य–स्थल पर अच्छी स्वच्छता बनाए रखने के लिए, कार्य–स्थल पर आवश्यक सुरक्षा सावधानियों से संबंधित उपायों को लागू किया गया। कर्मचारियों और कामगारों के लिए सभी स्तरों पर कोविड–19 सावधानियों के प्रति जागरूकता सत्र चलाए गए। गेल ने कार्यालयों/संयंत्रों में कर्मचारियों के लिए काम की जरूरतों के आधार पर 50% रोटेशन के आधार पर उपस्थिति की एक साप्ताहिक रोस्टर भी लागू किया; कर्मचारियों को रोटेशन के आधार पर घर से कार्य करने की सुविधा दी गई।

इसके अलावा, गेल ने कर्मचारियों के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए हैं। पूर्ण–कालिक चिकित्सा अधिकारी के साथ–साथ कर्मचारियों के लिए सुसज्जित व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, एम्बुलेंसों को तैयार रखा गया। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कर्मचारी और कामगार नियमित अंतराल पर आवश्यक व्यावसायिक स्वास्थ्य जाँच प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

महामारी के शुरुआती चरणों के दौरान, प्रचालन काफी प्रभावित हुआ था। एक लचीली कंपनी के रूप में, एक अल्पावधि के भीतर ही, गेल ने सामान्य स्थिति में वापसी की है। व्यापार निरंतरता प्राप्त करने के लिए, गेल ने पहचान किए गए जोखिम के स्तर के अनुसार संचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, आपातकालीन उपायों और संगठनात्मक निर्देशों को लागू किया है। वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म, ई–नोट–शीट, रिमोट वर्किंग के लिए सिस्टम तक सुरक्षित पहुँच, ऑनलाइन लेन–देन, मोबाइल ऐप इत्यादि जैसे बेहतर डिजिटल और तकनीकी समाधानों के साथ–साथ, गेल ने व्यापार निरंतरता सुनिश्चित की और अपने ग्राहकों को निर्बाध सेवाएँ प्रदान की।

कोविड–19 चुनौतियों को कम करने की प्रतिक्रिया के रूप में, गेल ने अपने लोगों और समाज की मदद के लिए 80 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गेल ने पीएम केयर्स फंड के लिए 50 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसेंट्रेटर, पीएसए प्लांट लगाने की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 30 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ में, सुपर–स्पेशियलिटी आईसीयू यूनिट की स्थापना की है। साथ ही साथ, राजमंड्री, आंध्र प्रदेश में क्वारंटीन वार्ड स्थापित करने में सहायता की है।

# वैश्विक पहचान–गेल और एफटीएसई

FTSE Russell

# CERTIFICATE OF MEMBERSHIP

This is to certify that

**Gail India**

is a constituent company in the FTSE4Good Index Series

FTSE4Good

**June 2021**

The FTSE4Good Index Series is designed to identify companies that demonstrate strong environmental, social and governance practices measured against globally recognised standards.

इस रिपोर्ट से संबंधित किसी भी प्रतिक्रिया अथवा प्रश्न से संबंधित सूचना देने हेतु श्री आर. के. मित्तल, सीजीएम (एसडी) से rk.mittal@gail.co.in के माध्यम से एवं श्री एस. के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (एसडी) से skagarwal@gail.co.in के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। पाठकगण हमारे प्रदर्शन एवं सतत् विकास के प्रकटीकरण में सुधार से संबंधित प्रतिक्रिया देने के लिए sustainability@gail.co का भी उपयोग कर सकते हैं।

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**पंजी0 कार्यालय :** 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066
वेबसाइट : www.gailonline.com